ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 29-06-2021

नैनीताल(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2021-06-29 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2021-06-30	2021-07-01	2021-07-02	2021-07-03	2021-07-04
वर्षा (मिमी)	5.0	5.0	15.0	60.0	40.0
अधिकतम तापमान(से.)	25.0	22.0	21.0	21.0	21.0
न्यूनतम तापमान(से.)	16.0	15.0	14.0	14.0	14.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	95	95	95	95	95
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	60	60	65	70	65
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	6.0	6.0	6.0	6.0	6.0
पवन दिशा (डिग्री)	310	130	130	120	120
क्लाउड कवर (ओक्टा)	2	5	5	7	6

मौसम सारांश / चेतावनी:

29 जून से 1 जुलाई को कहीं-कहीं बूंदा-बांदी व हल्की वर्षा, तद्पश्चात् 2 व 3 जुलाई को मध्यम वर्षा की सम्भावना है। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 21.0 से 25.0 व 14.0 से 16.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 6.0 किमी/घंटे की गति से पूर्व-दक्षिण-पूर्व दिशा से चलने का अनुमान है। ईआरएफएस के अनुसार, 4 से 10 जुलाई के दौरान राज्य में वर्षा सामान्य से कम, अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान सामान्य रहने का अनुमान हैं। चेतावनीः 2 व 3 जुलाई को कहीं-कहीं भारी बारिश, गरज के साथ बिजली गिरने तथा तेज बौछारें पड़ने की संभावना है।

सामान्य सलाहकार:

कोरोना (कोविड-19) की दूसरी लहर व इसके गंभीर फैलाव को देखते हुए किसानों को सलाह है कि तैयार फसलों की कटाई तथा अन्य कृषि कार्यो के दौरान भारत सरकार द्वारा दिये गये दिशा निर्देशो जैसे व्यक्तिगत सुरक्षा, मास्क का उपयोग, साबुन से उचित अन्तराल पर हाथ धोना तथा एक दूसरे से सामाजिक दूरी बनाये रखने पर विशेष ध्यान दें| भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त एनडीवीआई व एसपीआई मानचित्रों ने संकेत दिया कि नैनीताल जिले के लिए एनडीवीआई 0.1-0.4 के बीच है, यानी जिले में कृषि स्थिति मध्यम है तथा एसपीआई मानचित्र पिछले 4 हफ्तों से नैनीताल जिले में मध्यम नमी की स्थिति दर्शाता है।

लघु संदेश सलाहकार:

29 जून से 1 जुलाई को कहीं-कहीं बूंदा-बांदी व हल्की वर्षा, तद्पश्चात् 2 व 3 जुलाई को मध्यम वर्षा की सम्भावना है।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
गुर्दे की फलियाँ / राजमा	मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर राजमा की बुवाई करें।
मूँग	पर्वतीय घाटी वालें क्षेत्रों में मूंग की बुवाई मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें। अधिक उत्पादन हेतु उन्नत प्रजातियों का प्रयोग करे।
चावल	घाटी व कम ऊँचे क्षेत्रों में, रोपाई का कार्य पूर्ण करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
शिमला मिर्च	मध्यम व उँचे पर्वतीय क्षेत्रो मे पॉलीहाउस मे शिमलामिर्च का रोपण करें।
बैंगन	आगामी दिनो मे वर्षा की सम्भावना को ख्यान में रखते हुए, बैगन की फसल में सिंचाई रोक दें।
सेब	बागो में जल निकास की व्यवस्था करें। मध्यम उँचाई वाले पर्वतीय क्षेत्रो में सेब की अगेती प्रजातियो की तुड़ाई प्रारम्भ करे तथा मण्डियो में भेजे।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भेंस	जुलाई महीना गाय/भैंसों की ब्याने का समय होता है अतः प्रसव प्रकोष्ठ को साफ-सुथरा करके इस्तेमाल हेतु तैयार रखें।